कार्यालय नगर पंचायत अनपरा–सोनभद्र।

पत्रांकः 14 /न0पं0अ0/CMNSY/ई–निविदा/2023–24 दिनांकः 06/10/2023

कार्यादेश

एम0आर0आर0 इंटरप्राइजेज
राबर्ट्सगंज–सोनभद्र।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत अनपरा में **"मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना" (CMNSY)** के मद के अन्तर्गत कार्य कराने हेतु इस कार्यालय के ई–निविदा सूचना सं0–444/न0पं0अ0/CMNSY/2023–24/ई–निविदा दिनांक 28.08.2023 को **http://etender.up.nic.in** पर ई–निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसे दिनांक 20.09.2023 को खोला गया। निविदा की कार्यवाही के उपरान्त आप द्वारा प्रस्तुत निविदा न्यूनतम दर होने के कारण स्वीकृत कर ली गयी है। कार्यादेश प्राप्ति से एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार परफार्मेन्श गांरटी जमा कराते हुए अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण कर अनुबन्ध के अनुसार कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्तो के अधीन निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्य का सम्पादन सुनिश्चित करें, एवं कार्य प्रारम्भ की सूचना कार्यालय को तत्काल अवगत करायें। किसी भी तकनीकी सलाह हेतु इस निकाय के अवर अभियन्ता श्री रामाश्रय राम के मो0–9889161835 पर सम्पर्क कर सकते है। एक सप्ताह के अंदर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण न करने की दशा में आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

कार्य का विवरण निम्न है:–

क्र0स0	कार्य का नाम	अनुबन्धित लागत	कार्य करने की अवधि
01	डिबुलगंज पुर्नवास घरिकार बस्ती में जगदीश के घर से त्रिलोकी के घर तक मार्ग के दोनों तरफ कवर्ड नाली का निर्माण कार्य।	1114823.94	45 दिन

नोटः– 01. कार्य स्थल का कार्य से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्त होने का 05–05 फोटों कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

02. कार्य के प्रारम्भ, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्ति के समय अवर अभियन्ता एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अनपरा–सोनभद्र को पत्र के माध्यम से अवगत कराना अनिवार्य होगा।

03. उक्त योजना अत्यन्त ही महत्वपूर्ण योजना है। जिसका (डेली प्रोग्रेस रिपोर्ट) जिला स्तर, मण्डल स्तर, शासन स्तर पर ली जानी है। इसमें किसी भी प्रकार का शिथिलता/विचलन नही होना चाहिए एवं कार्य नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अनपरा
सोनभद्र।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र।
02. अपर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय, (प्र0अ0, स्था0नि0) सोनभद्र।
03. श्री रामाश्रय राम, अवर अभियन्ता, लो0नि0वि0/नगर पंचायत अनपरा को इस आशय के साथ प्रेषित है कि कार्य प्रारम्भ से समाप्ति तक उक्त कार्य को अपने देख–रेख में आगणन के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें, जिससें कार्य में किसी प्रकार का विचलन न पाई जाये।
04. गार्ड फाईल।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अनपरा
सोनभद्र।